भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1403

उत्तर देने की तारीख 11.02.2026

बुधवार, 22 माघ, 1947 (शक)

शिल्पकार प्रशिक्षण योजना

1403. श्री एस. सेल्वागनबेथीः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस योजना के अंतर्गत वर्तमान में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) की संख्या कितनी है तथा चालू वर्ष के दौरान नामांकित ट्रेडों और प्रशिक्षुओं की कुल संख्या कितनी है;

(ख) प्रशिक्षण अवसंरचना के आधुनिकीकरण, पाठ्यक्रमों के अद्यतन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), नवीकरणीय ऊर्जा और थ्री-डी प्रिंटिंग जैसी समकालीन उद्योग आवश्यकताओं एवं प्रौद्योगिकियों के अनुरूप पाठ्यक्रमों को संरेखित करने हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं; और

(ग) क्या योजना के अंतर्गत अब तक ट्रेड प्रमाणन, प्रशिक्षुओं की नियोजनीयता तथा कुशल कार्यबल के सृजन में योगदान के रूप में कोई परिणाम प्राप्त हुए हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) देश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) एवं राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) के नेटवर्क

के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) का कार्यान्वयन करता है। वर्तमान में, सीटीएस प्रशिक्षण के अंतर्गत 169 ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो 14,688 आईटीआई (राजकीय - 3,345 तथा निजी - 11,343) तथा 32 एनएसटीआई के माध्यम से संचालित किए जाते हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र, अर्थात् 2025-26, में आईटीआई और एनएसटीआई में सीटीएस के अंतर्गत 14.70 लाख प्रशिक्षुओं का नामांकन किया गया है।

(ख) सीटीएस के अंतर्गत पाठ्यक्रम को उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के परामर्श से समय-समय पर अद्यतन किया जाता है, ताकि उभरती हुई प्रौद्योगिकियों, आधुनिक उपस्करों, उपकरणों एवं मशीनरी को समेकित किया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिए जा रहे प्रशिक्षण उद्योगों की वर्तमान कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप बने रहें।

सीटीएस के अंतर्गत उपलब्ध 169 ट्रेडों में से 31 नए युग के ट्रेड प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें कृत्रिम मेधा (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), नवीकरणीय ऊर्जा तथा 3डी प्रिंटिंग जैसे विषय शामिल हैं। इन 31 नए युग के ट्रेडों की सूची **अनुलग्नक-1** में उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, मंत्रिमंडल ने पीएम-सेतु (आईटीआई स्तरोन्नयन के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगारपरकता परिवर्तन योजना) को स्वीकृति प्रदान की है, जिसकी अनुमानित लागत ₹60,000 करोड़ (केंद्रीय हिस्सेदारी: ₹30,000 करोड़, राज्य हिस्सेदारी: ₹20,000 करोड़ तथा उद्योग हिस्सेदारी: ₹10,000 करोड़) है। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों एवं उद्योग के सहयोग से हब-एंड-स्पोक व्यवस्था के माध्यम से 1,000 आईटीआई के स्तरोन्नयन का प्रस्ताव है। इस योजना के अंतर्गत, उद्योग-संचालित विशेष प्रयोजन साधनों (एसपीवी) के माध्यम से पाठ्यक्रम सामग्री तथा डिजाइन को उद्योग की कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए जाने तथा उभरते क्षेत्रों में नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने का प्रस्ताव है।

(ग) सीटीएस के अंतर्गत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संबंधित ट्रेडों में बुनियादी कौशल और ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किए जाते हैं, ताकि प्रशिक्षुओं को वेतन आधारित रोजगार, जिसमें स्वरोजगार भी शामिल है, हेतु तैयार किया जा सके। प्रशिक्षण की समाप्ति के उपरांत, प्रशिक्षुओं का आकलन डीजीटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा के माध्यम से किया जाता है तथा सफल अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। वर्ष 2014-15 सत्र से अब तक विभिन्न ट्रेडों में लगभग 97.36 लाख अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जा चुका है।

अनुलग्नक-I

दिनांक 11.02.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1403 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

सीटीएस के अंतर्गत नए युग के ट्रेडों की सूची

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	एनएसक्यूएफ़ स्तर*
1.	5जी नेटवर्क तकनीशियन	एक वर्ष	4.5
2.	एडिटिव मैन्यूफैक्चरिंग (3डी प्रिंटिंग) तकनीशियन	दो वर्ष	3.5
3.	वैमानिकी संरचना और उपकरण फिटर	दो वर्ष	4
4.	आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग असिस्टेंट	एक वर्ष	3.5
5.	सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन	दो वर्ष	4
6.	कंप्यूटर एडेड मैन्यूफैक्चरिंग (सीएएम) प्रोग्रामर	एक वर्ष	3.5
7.	साइबर सुरक्षा सहायक	एक वर्ष	3.5
8.	डेटा एनोटेशन सहायक	एक वर्ष	3.5
9.	ड्रोन पायलट (जूनियर)	छह माह	3
10.	ड्रोन तकनीशियन	छह माह	3
11.	इंजीनियरिंग डिज़ाइन तकनीशियन	एक वर्ष	3.5
12.	फाइबर टू होम तकनीशियन	छह माह	3
13.	भू सूचना विज्ञान सहायक	एक वर्ष	3.5
14.	हरित हाइड्रोजन उत्पादन तकनीशियन	एक वर्ष	3.5
15.	औदयोगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईआईओटी) तकनीशियन	दो वर्ष	4.0
16.	औद्योगिक रोबोटिक्स और डिजिटल विनिर्माण	एक वर्ष	3.5
17.	सूचान प्रौद्योगिकी	दो वर्ष	4
18.	इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीशियन (स्मार्ट कृषि)	एक वर्ष	3.5
19.	इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीशियन (स्मार्ट सिटी)	एक वर्ष	3.5
20.	इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीशियन (स्मार्ट हेल्थकेयर)	एक वर्ष	3.5
21.	विनिर्माण प्रक्रिया नियंत्रण एवं स्वचालन	एक वर्ष	3.5
22.	मैकेनिक इलेक्ट्रिक वाहन	दो वर्ष	4
23.	मल्टीमीडिया, एनिमेशन और विशेष प्रभाव	एक वर्ष	3.5
24.	सेमीकंडक्टर तकनीशियन	एक वर्ष	4.5
25.	लघु जल विद्युत संयंत्र तकनीशियन	दो वर्ष	4
26.	स्मार्टफ़ोन तकनीशियन सह ऐप परीक्षक	6 माह	3.5
27.	सॉफ्टवेयर परीक्षण सहायक	एक वर्ष	4.5
28.	सौर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल)	एक वर्ष	3.5
29.	तकनीशियन मेक्ट्रोनिक्स	दो वर्ष	4
30.	वर्चुअल विश्लेषण और डिज़ाइनर - एफ़ईएम (परिमित तत्व विधि)	दो वर्ष	4
31.	पवन संयंत्र तकनीशियन	दो वर्ष	4

*एनएसक्यूएफ़ - राष्ट्रीय कौशल अर्हता कार्यढांचा

*****